# नेशनल एलाइड एंड हैल्थकेयर प्रोफेशनल एसोसिएशन

**NATIONAL ALLIED AND HEALTHCARE PROFESSIONAL ASSOCIATION**

मुख्य कार्यालयः प्राइम प्लाज़ा, निकट मुंशी की पुलिया, इन्दिरा नगर, लखनऊ उत्तर प्रदेश 250002

प्रशासनिक कार्यालयः द्वितीय तल, सुनील कॉम्प्लेक्स, डबल्यू. के. रोड मेरठ 250002


**Ref. No. NAHPA/09/2026/4357** | **Dated-26/06/2026**

## आजीवन ब्लैकलिस्टिंग एवं प्रमाणपत्र/किट वापसी संबंधी अंतिम आदेश

सेवा में,

1. रिहान अंसारी पुत्र श्री शेख रफीक अंसारी
   (सदस्यता संख्याः– NAHPA/ILM/251)
2. डॉ हेमंत महोरे पुत्र श्री जगदीश महोरे
   (सदस्यता संख्याः– NAHPA/ILM/974)

**यह विधिक नोटिस–सह–अंतिम आदेश Association द्वारा अपने सक्षम प्राधिकार, संस्थागत अनुशासन, संगठनात्मक मर्यादा तथा विधिसम्मत अधिकारों के संरक्षणार्थ जारी किया जाता है।**

अभिलेखगत तथ्यों से यह परिलक्षित हुआ है कि उपरोक्त सदस्यों द्वारा संस्था के विरुद्ध निराधार, असत्य, अप्रमाणित एवं प्रतिष्ठाहानिकारक आक्षेप लगाए गए, तथा संस्था एवं उसके पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों के प्रति भयादोहन, डराने–धमकाने, अनुचित दबाव निर्माण तथा संगठनात्मक कार्यप्रणाली में अवांछित एवं हस्तक्षेपकारी आचरण किया गया। ऐसा आचरण संस्था की गरिमा, विश्वसनीयता, अनुशासन तथा सामूहिक हितों के प्रतिकूल एवं विधिविरुद्ध प्रकृति का पाया गया है। उपलब्ध अभिलेखों, परिस्थितियों, संगठनात्मक सामग्री तथा सम्यक् विचार–विमर्श के उपरांत **NAHPA** इस स्पष्ट निष्कर्ष पर पहुँची है कि उपरोक्त सदस्यों का आचरण संस्था के उद्देश्यों, नियमों, आचार–संहिता तथा सदस्यीय दायित्वों के प्रतिकूल है। अतएव, आपको एतद्द्वारा विधिवत सूचित, अधिसूचित एवं निर्देशित किया जाता है कि निम्नलिखित आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होंगे।

## विधिक नोटिस/आदेश

1. **प्रथमतः**, उपरोक्त सदस्यों को इस नोटिस के माध्यम से तत्काल प्रभाव से **NAHPA** की सदस्यता, संबद्धता, प्रतिनिधित्व एवं संस्था से प्राप्त सभी सदस्यीय अधिकारों से निष्कासित किया जाता है।
2. **द्वितीयतः**, उपरोक्त सदस्यों को **NAHPA** के समस्त मंचों, गतिविधियों, कार्यक्रमों, सदस्यीय लाभों, नामांकन, प्रतिनिधित्व तथा किसी भी वर्तमान या भावी संस्थागत संबंध से स्थायी रूप से पृथक किया जाता है, और उन्हें आजीवन प्रभाव से इसंबासपेजमक घोषित किया जाता है।
3. **तृतीयतः**, आपको यह अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि **NAHPA** की ओर से जारी किसी भी प्रकार का **Certificate, Identity material, kit**, दस्तावेज, कार्ड, मुद्रित/अमुद्रित अभिलेख अथवा संस्था से प्राप्त अन्य सभी सामग्री इस विधिक नोटिस की प्राप्ति से **7 (सात)** दिनों के भीतर संस्था को विधिवत वापस की जाए।
4. **चतुर्थतः**, यदि उक्त अवधि के भीतर प्रमाणपत्र, ापज अथवा अन्य सामग्री वापस नहीं की जाती है, तो **NAHPA** आपके विरुद्ध सक्षम न्यायालय/प्राधिकरण/विधिक मंच

नोट: उपरोक्त सदस्यों को ई-मेल एवं रजि० पोस्ट से पत्र प्रेषित कर सभी दस्तावेज वापस करने हेतु निर्देशित किया जाये साथ ही ऑनलाइन वेबसाइट से सभी रिकॉर्ड डिलीट करने हेतु पत्र अधि० वि० सेल को प्रेषित किया जावे। [signature]

के समक्ष उपलब्ध समस्त विधिक उपचार, दीवानी एवं/अथवा आपराधिक कार्यवाही, वसूली, निषेधाज्ञा, हर्जाना, प्रतितोष तथा अन्य उपयुक्त कार्यवाही प्रारंभ करने के लिए पूर्णतः स्वतंत्र होगीय जिसकी समस्त जिम्मेदारी, व्यय एवं परिणाम संबंधित व्यक्तियों पर ही आरोपित होंगे।

5. **पंचमतः**, सदस्यता शुल्क की वापसी/रिफंड के संबंध में संस्था द्वारा की गई प्रविष्टि का विवरण निम्नानुसार अभिलिखित किया जाना प्रस्तावित है। रिफंड ट्रांजैक्शन आईडी उपलब्ध होते ही वही संस्था के आधिकारिक अभिलेख का अविभाज्य भाग मानी जाएगी।

## रिफंड/सदस्यता वापसी विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | रिहान अंसारी पुत्र श्री शेख रफीक अंसारी | 125323158017:-GPAY |
| 2. | डॉ हेमंत महोरे पुत्र श्री जगदीश महोरे | 209347:- PAYTM |

**टिप्पणीः**– उपर्युक्त रिफंड ट्रांजैक्शन आईडी इस विधिक नोटिस के वर्तमान प्रारूप में लिखी गई हैं, आधिकारिक अभिलेख के अनुरूप प्रविष्ट किया जाएगा।

6. **"ष्ठतः**, इस विधिक नोटिस की तामील के उपरांत उपरोक्त सदस्यों **NAHPA** के नाम, प्रतीक, दस्तावेज, प्रमाणपत्र, सदस्यीय पहचान, लोगो, संबद्धता या संस्था से संबंधित किसी भी प्रकार की स्थिति/दावा/प्रतिनिधित्व का उपयोग, प्रदर्शन, प्रसार या प्रचार करने के अधिकारी नहीं होंगे।
7. **सप्तमतः**, यह विधिक नोटिस–सह–अंतिम आदेश संस्था की गरिमा, प्रशासनिक अनुशासन, विधिसम्मत संरक्षण तथा भावी विवाद–निरोध के हित में पारित किया गया है और तत्काल प्रभाव से लागू एवं बाध्यकारी होगा।

यह दस्तावेज **NAHPA** की ओर से संस्थागत अभिलेख, विधिक प्रयोजनों तथा आवश्यक न्यायिक/प्रशासनिक उपयोग हेतु जारी किया गया विधिक नोटिस–सह–अंतिम आदेश है।

**भवदीय,**

राष्ट्रीय सचिव
National Secretary
नेशनल एलाइड एण्ड हैल्थकेयर प्रोफेशनल एसोसिएशन
National Allied and Healthcare Professional Association
Former Name : Indian Paramedical Association

**(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)**
**कृते, नेशनल अलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल एसोसिएशन**

**प्रतिलिपिः**–

1. **कार्यालय अभिलेख हेतु।**
2. **समस्त संबंधित पदाधिकारी/सदस्य/अधिकृत संस्थाओं की सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**
3. **संबंधित रिकॉर्ड/पत्रावली में संधारण हेतु।**

अभिषेक गिरि
Abhishek Giri
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
National Vice President
नेशनल एलाइड एण्ड हैल्थकेयर प्रोफेशनल एसोसिएशन
National Allied and Healthcare Professional Association
Former Name : Indian Paramedical Association

**(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)**
**कृते, नेशनल अलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल एसोसिएशन**

राष्ट्रीय कार्यालय सचिव
National Organization Secretary
नेशनल एलाइड एण्ड हैल्थकेयर प्रोफेशनल एसोसिएशन
National Allied and Healthcare Professional Association
Former Name : Indian Paramedical Association

राष्ट्रीय अध्यक्ष
National President
नेशनल एलाइड एण्ड हैल्थकेयर प्रोफेशनल एसोसिएशन
National Allied and Healthcare Professional Association
Former Name : Indian Paramedical Association